Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up a Railway line and medical college in Kalahandi.

श्री बसंत कुमार पांडा (कालाहाण्डी): अध्यक्ष जी, ओडिशा के एक पिछड़े हुए जिले से मैं आता हूँ, जिसके साथ एक और पिछड़ा हुआ जिला, नवरंगपुर लगा हुआ है । वहां रेलवे लाइन बनी नहीं है, प्रस्तावित है । वह लाइन काटामांझी, खराजाखरिहार, जूनागढ़ हो कर नवरंगपुर पहुंचने वाली है । वह निर्माण कार्य तुरंत शुरू किया जाए । बरगढ़ से नयापारा भी एक रेलवे लाइन प्रस्तावित है । उसको भी तैयार किया जाए ।

मैं आपके माध्यम से एक विशेष निवेदन हैल्थ मिनिस्टर से करना चाहता हूँ कि केबीके जिले, देश के सबसे पिछड़े हुए क्षेत्र हैं । कालाहाण्डी, बोलांगीर और कोरापुट से मिल कर यह बनता है । बोलांगीर और कोरापुट में मैडिकल कॉलेज केन्द्र सरकार की सहायता से बन रहा है । कालाहाण्डी वंचित रह गया है । इसीलिए कालाहाण्डी में केन्द्र सरकार की सहायता से एक मैडिकल कॉलेज प्रतिष्ठित किया जाए, जिससे वहां सबको मैडिकल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें ।